नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

अंतरराष्ट्रीय शब्दकोष परियोजना पूर्ण होने पर डॉ. कौर को बधाई

वर्धा: दि. 3 अगस्त 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के अनुवाद अध्ययन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत कौर और डॉ. डावर, काउंटी कमीश्नर, अमेरिका द्वारा 2017-2018 से संचालित नॉर्थ अमेरिकन और भारतीय कानून शब्दावली संबंधी कोष निर्माण कार्य पूर्ण होने पर कुलपति प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्र और प्रतिकुलपति प्रो. आनंद शर्मा और एशियन टाईम्स, कनाडा के संपादक पी. आर. कालिया, नबतेज बैंस, पी.पी.एफ़.कनाडा, जसवीर दयोल, एन.डी.पी, कनाडा, ने डॉ. कौर और डॉ.डावर को बधाई दी है।

इस परियोजना के तहत अंग्रेजी-हिंदी (द्विभाषी शब्दकोश), अंग्रेजी-पंजाबी (द्विभाषी शब्दकोश) इन दो कोषों का निर्माण किया गया है। इसमें कुल 1200 पृष्ठों की सामग्री है जिसे कनाडा के एक प्रकाशन द्वारा शीघ्र ही प्रकाशित किया जाएगा। यह इसलिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है क्योंकि अंग्रेजी से पंजाबी में कानून की शब्दावली का यह पहला कोष है। जिससे अमेरिका में रह रहे भारतीय डायस्पोरा को कानूनी शब्दावली को समझने में आसानी होगी। डॉ.कौर और डॉ. डावर कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं में भी साथ-साथ काम कर रहे हैं।